BSR GOVT. ARTS COLLEGE ALWAR

NEWS

NSS PRESIDENT AWARD 2022

डॉ. सरोज को मिला राष्ट्रीय पुरस्कार, दिल्ली में राष्ट्रपति ने किया सम्मानित

दिल्ली में राष्ट्रपति से सम्मानित होती डॉ. सरोज व डॉ लवलीना व्यास।

भास्कर संवाददाता | अलवर

खेल एवं युवा मामलात मंत्रालय की ओर से शनिवार को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार समारोह का आयोजन किया गया। इस में राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने अलवर के कला कॉलेज की एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सरोज मीना व प्राचार्या डॉ लवलीना व्यास को ट्रॉफी, प्रशस्ति पत्र व साढ़े 3 लाख रुपए बतौर पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम अधिकारी को प्रशस्ति पत्र व डेढ़ लाख रुपए और कॉलेज को दो लाख रुपए व ट्रॉफी प्रदान की गई। कार्यक्रम में देशभर के 42 लोगों को पुरस्कार दिया गया। ये अवार्ड एनएसएस की नेशनल स्कीम के तहत किए गए कार्यों के आधार पर दिया जाता है। जिस्के कार्यों का सत्यापन कर अवार्ड के लिए चयन होता है। डॉ. सरोज मीणा पूर्व मंत्री रामकिशोर मीणा की पुत्रवधु और आरपीएस व एसीबी में एएसपी महेन्द्र कुमार मीणा की धर्मपत्नी हैं। राष्ट्रपति के जरिए राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त कर अलवर के कला कॉलेज को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली है। देश भर से केवल 10 इकाइयों को यह सम्मान दिया गया। जिसमें अलवर का कला कॉलेज शामिल रहा। राष्ट्रपति भवन के दरबार हॉल में बताया गया कि अलवर के कला कॉलेज की एनएसएस ईकाई का कार्य बेहद सराहनीय रहा। इकाई प्रमुख डॉ सरोज मीना के मार्गदर्शन में यहां पौधरोपण व रक्तदान किया गया। सामाजिक विषय सड़क सुरक्षा, पल्स पोलिया, पशु बचाओ व बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ पर काम किया गया। कार्यक्रम में खेल एवं युवा मामला मंत्री अनुराग ठाकुर सहित विभाग के राज्य मंत्री सहित देश भर से चयनित प्रतिभागी शामिल हुए।

BSR GOVT. ARTS COLLEGE ALWAR

NEWS

डॉ. सरोज मीना को राष्ट्रीय एनएसएस अवॉर्ड से किया जाएगा सम्मानित

अलवर (डिजिटल राजस्थान) भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाइयों को राष्ट्रीय एनएसएस अवॉर्ड प्रतिवर्ष दिया जाता है। यह अवार्ड महामहिम राष्ट्रपति के द्वारा 24 सितंबर को नई दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन में दिया जाएगा। प्रत्येक वर्ष संपूर्ण भारत वर्ष में से राष्ट्रीय सेवा योजना के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 10 कार्यक्रम अधिकारियों को यह सम्मान प्रदान किया जाता है। इस वर्ष का राष्ट्रीय सेवा योजना का यह सम्मानित पुरस्कार राजस्थान से डॉ. सरोज मीना, कार्यक्रम अधिकारी, राष्ट्रीय सेवा योजना, बीएसआर राजकीय कला महाविद्यालय, अलवर को दिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि डॉ. सरोज मीना सम्पूर्ण भारतवर्ष में से एक मात्र महिला राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी हैं जिन्हें राष्ट्रीय एनएसएस अवॉर्ड से नवाजा व सम्मानित किया जा रहा है।

BSR GOVT. ARTS COLLEGE ALWAR

NEWS